(क) क्या उत्तर प्रदेश में कानपुर के गोविन्दपुरी रेलवे-स्टेशन के प्लेटफार्म का विस्तार संबंधी कार्य आरम्भ नहीं किया गया है;

(ख) सरकार ने विगत दो वर्षों के दौरान गोविन्दपुरी रेलवे-स्टेशन के विस्तार हेतु क्या प्रयास किए हैं; और

(ग) इस दिशा में अब तक क्या प्रयास किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)

(क) गोविन्दपुरी स्टेशन के अप और डाउन प्लेटफार्मों को ऊंचा करने का कार्य 13.70 लाख रुपये की लागत से 1993-94 के निर्माण कार्यक्रम में शामिल कर लिया गया है ।

(ख), (ग) गोविन्दपुरी कानपुर सैंट्रल रेलवे स्टेशन से केवल 3 कि०मी० की दूरी पर स्थित है, चूंकि कानपुर सैंट्रल स्टेशन पर सभी यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, इसीलिए पिछले दो वर्षों में गोविन्दपुरी स्टेशन पर विस्तार संबंधी कोई कार्य नहीं किया गया, यातायात में वृद्धि होने पर यदि औचित्य पाया जाता है तो अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी ।

गुजरात में रेल उपरिपुल

1227. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान 30 सितम्बर, 1992 तक गुजरात में कितने रेल उपरिपुल बनाए गए हैं तथा इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जनता की मांग को पूरा करने तथा यातायात की भीड़-भाड़ को कम करने हेतु वर्ष 1992-93 के दौरान गुजरात में और अधिक उपरिपुलों का निर्माण किया जाएगा; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी०लेंका)

(क) एक प्रतापनगर में विश्वामित्री-दबोई खंड पर समपार सं० 3 ए के बदले ऊपरी सड़क पुल, ऊपरी सड़क पुल 12 दिसम्बर, 1990 को चालू किया गया है ।

(ख) और (ग) गुजरात में निर्माणाधीन 6 ऊपरी सड़क पुलों का ब्यौरा इस प्रकार है :

(लाख रुपयों में)

उस स्थान का नाम जहां ऊपरी सड़क पुल का निर्माण किया जा रहा है	रेलवे का हिस्सा	सड़क प्राधिकरण का हिस्सा
सियाराम कर्जन	71.40	60.99
भरूच	68.35	103.59
रनोली	70.40	159.95
पालेज	100.00	107.00
वापी	177.32	372.10
सेन रोड-पिपलोड	102.71	102.71

Representations regarding Railway Station at Athara Banki of Paradip Port

122S. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have received representation from People and Peoples representative of Paradip Port to have a Railway Station at Athara Banki of Paradip Port: and

(b) if so, what decision Government contemplate to take on this purpose ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K.C. LENKA) : (a) Yes, Sir.

(b) The proposal for opening of passenger halt at Athara Banki near Paradip Port has been examined, but has not been found operationally feasible.